मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय : जबलपुर

//आवश्यक सूचना//

क्रमांक–478/परीक्षा/2016 जबलपुर, दिनांक–23.12.2016

डाटा एंट्री ऑपरेटर व सहायक ग्रेड–3 (उच्च न्यायालय) के पदों हेतु आवेदित समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त पदों की ऑनलाईन परीक्षा दिनाँक 22/01/2017 (रविवार) को केवल जबलपुर में आयोजित होगी। मुख्य परीक्षा से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश निम्नानुसार हैः –

1. प्रवेश–पत्र एम.पी.ऑन.लाईन की वेबसाईट से परीक्षा के 10 दिवस पूर्व से डाउनलोड कर अभ्यर्थी प्रिंट आउट ले सकेंगे।
2. अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर निर्धारित समय से 30 मिनट पूर्व उपस्थित होना आवश्यक हैं।
3. डाटा एंट्री ऑपरेटर पद हेतु अंग्रेजी टाईपिंग एवं सामान्य अंग्रेजी व कम्प्यूटर का टेस्ट लिया जावेगा। इसी प्रकार सहायक ग्रेड–3 पद हेतु अभ्यर्थियों का हिन्दी टाईपिंग, अंग्रेजी टाईपिंग एवं सामान्य अंग्रेजी व कम्प्यूटर से संबंधित टेस्ट लिया जावेगा।
4. हिन्दी टाईपिंग टेस्ट केवल ऑनलाईन साफ्टवेयर से एवं रेमिंगटन गेल फोंट (REMINGTON GAIL FONT) मे ही किया जावेगा। टाईपिंग कम्प्यूटर पर अनरिस्ट्रिक्टेड मोड मे की जावेगी। अधिक जानकारी के लिए कृपया विज्ञापन का अवलोकन करें।
5. अभ्यर्थियों को अपना की–बोर्ड (Key-board) लाने एवं उपयोग करने की अनुमति नहीं होगी।
6. टाईपिंग परीक्षा हेतु मॉक टेस्ट (Mock-Test) मुख्य परीक्षा दिनांक से 07 दिन पूर्व एम.पी. ऑन लाईन लिमिटेड की साईट पर चालू (Live) किया जावेगा।
7. अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वे कम्प्यूटर टाईपिंग परीक्षण शुरु होने से पूर्व अपने–अपने कम्प्यूटर एवं की–बोर्ड की जांच कर लें। अगर अभ्यर्थी के कम्प्यूटर में किसी प्रकार की प्रॉब्लम/तकनीकी परेशानी हो तो संबंधित कक्ष/हॉल के निरीक्षक/पर्यवेक्षक को परीक्षण शुरु होने के पूर्व सूचित करना होगा।
8. अभ्यर्थियों को पृथक से टाईप मैटर नहीं दिया जावेगा बल्कि अभ्यर्थियों को कम्प्यूटर स्क्रीन पर ऊपर दिये गये मैटर को देखकर नीचे दिये गये रिक्त स्थान (Blank Box) में स्टार्ट का निर्देश मिलने पर टाईप करना होगा। अभ्यर्थी द्वारा एक बार टाईपिंग चालू करने के बाद ऑनलाईन साफ्टवेयर का टाईमर ऑटोमेटिकली (Timer automatically) चालू हो_जावेगा एवं निर्धारित समय पश्चात् स्वतः ही बंद (Close) हो जावेगा।
9. डाटा एंट्री ऑपरेटर व सहायक ग्रेड–3 (उच्च न्यायालय) के पदों हेतु जिन जिन अभ्यर्थियों ने आवेदन किये है, उनमें से प्रत्येक श्रेणी में एक पद के विरूद्ध तीन अभ्यर्थियों को जो ऑनलाईन परीक्षा में सफल होंगे उनके दस्तावेज ऑनलाईन परीक्षा के पश्चात् निर्धारित की गई तिथि में बुलाये जावेंगे।

(अखिल कुमार श्रीवास्तव)
प्रिंसिपल रजिस्ट्रार (परीक्षा)